# विशेष रिपोर्ट


# बुलियन

( अगस्त 2023 )




moneywise. be wise.

## जुलाई 2023 में सर्राफा की कीमतों में बदलाव (% में)




स्रोतः एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

## जनवरी-जुलाई 2023 में सर्राफा की कीमतों में बदलाव (% में)




स्रोतः एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

जून में, सोने की कीमतों में पिछली तीन तिमाहियों में से पहली तिमाही गिरावट दर्ज की गई क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और अन्य केन्द्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में फिर से बढ़ोतरी की उम्मीद ने बुलियन में बढ़ोतरी की संभावनाओं को कम कर दिया। कॉमेक्स पर सोना 2% से अधिक और एमसीएक्स पर लगभग 3% लुढ़क गया, क्योंकि हाल ही में आए कई आंकड़ों ने जुलाई में, सोने की कीमतों ने पिछले चार महीनों में से सबसे अच्छी मासिक बढ़त दर्ज की गई, जिसे कमजोर डॉलर और विश्व स्तर पर प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों में बढ़ोतरी अधिकतम स्तर पर पहुंचने की उम्मीद से मदद मिली । इस बीच, डॉलर इंडेक्स में लगातार दूसरी मासिक गिरावट दर्ज की गई, जिससे सोना अन्य मुद्रा धारकों के लिए अधिक आकर्षक हो गया। संयुक्त राज्य अमेरिका में मुद्रास्फीति कम होने के संकेत के आंकड़ों ने उम्मीदें बढ़ा दी हैं कि फेडरल रिजर्व 1980 के दशक के बाद से अपने सबसे तेज दर वृद्धि की प्रक्रिया को समाप्त करने के करीब है। फेड ने जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में दरों में एक चौथाई प्रतिशत की वृद्धि की ओर अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि मुद्रास्फीति अभी भी विश्वसनीय रूप से अपने 2% लक्ष्य पर वापस नहीं आई है। यूरोपीय सेंट्रल बैंक के दो नीति निर्माताओं ने हाल ही में ईसीबी की ब्याज दरों में सबसे तेज और सबसे लंबी वृद्धि के अंत की संभावना जताई, क्योंकि अत्यधिक उच्च मुद्रास्फीति के बावजूद यूरो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कमजोर ही हुई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के

नवीनतम शोध के अनुसार, लगातार आर्थिक अनिश्चितता के कारण सोने की बेहतर भौतिक मांग के कारण दूसरी तिमाही के दौरान सोने की कीमतों को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में मदद मिली।

## आउटलुक

- अगस्त में, सोने और चांदी की कीमतों में उच्च अस्थिरता के साथ कारोबार जारी रहेगा। निकट भविष्य में बाजार की परिस्थितियां सोने के लिए अनुकूल रहेगी। बेहतर आर्थिक आंकड़ों के कारण आर्थिक मंदी की आशंका कम हो गई है, जिससे निवेशक अमेरिकी डॉलर इंडेक्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं। लेकिन, प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक नीति पर लगातार सख्त रुख से वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान हो सकता है, जिससे निकट अवधि में कीमती धातुओं को समर्थन मिल सकता है।
- फेडरल रिजर्व अपनी मौद्रिक सख्ती की प्रक्रिया को समाप्त करने की संभावना को लेकर बढ़ती उम्मीदों से सोना और चांदी दोनों को फायदा होगा । पिछले हफ्ते ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी के बाद, फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि केंद्रीय बैंक अपने विकल्प खुले रख रहा है और सितंबर के फैसले से पहले आंकड़ों पर काफी निर्भर रहेगा।
- अमेरिकी मौद्रिक नीति में बदलाव के साथ-साथ, विश्लेषकों का कहना है कि मजबूत आर्थिक गतिविधि भी चांदी की कीमतों का समर्थन कर रही है। चांदी की औद्योगिक मांग वैश्विक हरित ऊर्जा संक्रमण से अधिक बनी हुई है।
- सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार, बाजार को सितंबर में ब्याज दरों के अपरिवर्तित रहने की संभावना 79.5% है।
- वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार 2023 की जून तिमाही के दौरान ओवर-द-काउंटर लेनदेन (ओटीसी) को छोड़कर वैश्विक स्तर पर सोने की मांग 2 प्रतिशत कम होकर 921 टन रह गई, जो एक साल पहले की अवधि में औसत से ऊपर की खरीद की तुलना में केंद्रीय बैंकों की शुद्ध खरीद में उल्लेखनीय गिरावट के कारण हुई।
- जून तिमाही में केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद 35 प्रतिशत कम होकर 105 टन रह गई, जो मुख्य रूप से तुर्की द्वारा अपनी राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों के कारण शुद्ध बिक्री के कारण हुई है। लेकिन, केंद्रीय बैंकों ने पहली छमाही में 387 टन की रिकॉर्ड मात्रा में खरीदारी की, जिससे संकेत मिलता है कि आधिकारिक क्षेत्र की खरीदारी पूरे वर्ष अधिक रहनी चाहिए। यह प्रवृत्ति दुनिया भर में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और चुनौतीपूर्ण आर्थिक स्थितियों के बीच एक सुरक्षित-संपत्ति के रूप में सोने के महत्व को रेखांकित करती है।

**एमसीएक्स में सोने की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**कोमेक्स में सोने की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**एमसीएक्स में चांदी की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**




स्रोत: रॉयटर्स

**कोमेक्स में चांदी की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**अगस्त में सोने की कीमतों में तेजी का रूझान बना रह सकता है और कीमतें 57600-62000 के दायरे में कारोबार कर सकती है और चांदी की कीमतें 70400-78300 के दायरे में कारोबार कर सकती है।**




स्रोत: पर्थमिंट

एनॉलसिस: जुलाई में सोने-चांदी का अनुपात 84 से घटकर 79 से नीचे आ गया है क्योंकि चांदी का प्रदर्शन सोने से बेहतर रहा है। अब अगस्त में यह अनुपात 74-83 के दायरे में रह सकता है।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।